संख्या-229/2021/847रासनि/23-1-21-80रासनि/20

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊ::दिनांक 21 अक्टूबर, 2021**

विषय-वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-5054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से जनपद प्रयागराज के 14 मार्गों के चालू कार्यों हेतु अवशेष धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र सं0-984सी/191सी/5054टीसी/21-22, दिनांक 24.08.21 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न विवरणानुसार **जनपद प्रयागराज के 14 मार्गों के चालू कार्यों हेतु अवशेष धनराशि** के सापेक्ष कुल रू0 3,08,72,000/- (रूपये तीन करोड़ आठ लाख बहत्तर हजार मात्र) की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के **लेखाशीर्षक-5054** के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से स्वीकृत/निर्गत किये जाने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2022 तक कर लिया जाय । कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक उपलब्ध करा दिया जाय। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन कार्यों के लिए किसी अन्य आदेश से स्वीकृति/आवंटन तो प्राप्त नहीं है और यदि दोहरी स्वीकृति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त कराते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय ।

(2) अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जायेगी। अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त(लेखा) अनुभाग-2 के संशोधित शासनादेश सं0-ए-2-1606/दस-2014-74(4)/75,दिनांक 11.11.14 द्वारा जारी संशोधित/परिवर्तित व्यवस्था के अनुसार राजकीय विभागों द्वारा कैश क्रेडिट लिमिट(सी0सी0एल0) प्रणाली व डिपार्टमेंट क्रेडिट लिमिट(डी0सी0एल0) प्रणाली के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों पर दिनांक 01-4-2014 से सेन्टेज कार्यांश(लागत 100) का 6.875 प्रतिशत सेन्टेज/अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-बी-1-901/दस-2011-231/2011, दिनांक 21.03.2011 के संलग्नक में प्रदर्शित प्राप्ति लेखाशीर्षक-"1054-00-800-05-00-00"में ट्रान्सफर इंट्री डाटा क्रेडिट करके जमा की जायेगी।

(3) लेबरसेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(4) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय ।

(5) राज्य सड़क निधि हेतु गठित राज्य सड़क प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा । यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रयोजन हेतु व्यय की गयी है ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(6) समस्त कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाये ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय ।

(7) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय ।

(8) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के शासनादेश सं0-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22.03.2021 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय प्रथमतः चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान सं0-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-58-राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण-0024-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा और अन्ततः लोक लेखे के "लेखाशीर्षक-8225-सड़क एवं सेतु निधि-02-राज्य सड़क एवं सेतु निधि-101-राज्य सड़क व सेतु निधि-01-राज्य सड़क निधि" में डेबिट करते हुए समतुल्य धनराशि अनुदान सं0-58 के "भाग-4 के वसूलियों-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-58-राज्य सड़क निधि से सड़कों का निर्माण/सुदृढ़ीकरण/ चौड़ीकरण (8225)-24-वृहत निर्माण कार्य" में जमा किया जायेगा ।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-229/2021/**847रासनि(1)/23-1-21, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
3- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
4- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
5- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
6- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
7- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
9. नोडल अधिकारी(आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

शासनादेश सं0-229/2021/847रासनि/23-1-21-80रासनि/20, दिनांक 21.10.2021 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	मूल शासनादेश संख्या	स्वीकृत लागत	अब तक शुद्ध आवंटित धनराशि	बचत	अवशेष धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	Prayagraj	लोधखुर्द एवं कोलान सम्पर्क मार्ग।	55 /2021/ 206 रासनि/ 23–1–21–58 रासनि/20 दिनांक 18.02.21	31.82	3.18	1.75	26.89	15.04
2	Prayagraj	पिच रोड से भरहरा खास प्रा0वि0 तक सम्पर्क मार्ग।	55 /2021/ 206 रासनि/ 23–1–21–58 रासनि/20 दिनांक 18.02.21	22.61	2.26	1.00	19.35	10.81
3	Prayagraj	उगापुर यादव बस्ती पूर्व सम्पर्क मार्ग।	88 /2021/ 421 रासनि/ 23–1–21–84 रासनि/20 दिनांक 15.03.21	35.31	3.53	1.50	30.28	16.91
4	Prayagraj	उगापुर यादव बस्ती दक्षिणी सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य	88 /2021/ 421 रासनि/ 23–1–21–84 रासनि/20 दिनांक 15.03.21	15.48	1.55	0.50	13.43	7.49
5	Prayagraj	सोनवे चमरौटी बस्ती सम्पर्क मार्ग।	55 /2021/ 206 रासनि/ 23–1–21–58 रासनि/20 दिनांक 18.02.21	21.56	2.16	1.50	17.90	10.03
6	Prayagraj	पिच मार्ग से जगजीवन चौधरी के घर तक सम्पर्क मार्ग।	55 /2021/ 206 रासनि/ 23–1–21–58 रासनि/20 दिनांक 18.02.21	13.46	1.35	0.50	11.61	6.48
7	Prayagraj	पिच मार्ग से ग्राम सभा पीढ़ी में कोईरान बस्ती सम्पर्क मार्ग।	88 /2021/ 421 रासनि/ 23–1–21–84 रासनि/20 दिनांक 15.03.21	9.97	1.00	0.00	8.97	4.99
8	Prayagraj	जारी मिचखुरी मार्ग के किमी0 3 से रामपट्टी मार्ग का निर्माण कार्य।	51 /2021/ 170 रासनि/ 23–1–21–63 रासनि/20 दिनांक 09.02.21	32.72	6.54	2.50	23.68	22.17
9	Prayagraj	बारा लालापुर मार्ग के किमी0 4 से खड़ेसर सम्पर्क मार्ग।	51 /2021/ 170 रासनि/ 23–1–21–63 रासनि/20 दिनांक 09.02.21	26.51	5.30	2.00	19.21	17.98
10	Prayagraj	राष्ट्रीय राज्य मार्ग–30 से रामपुर सम्पर्क मार्ग की छूटी कड़ी	13/2021 /1239 रासनि/ 23–1–20–78 रासनि/20 दिनांक 18.01.21	80.03	16.01	0.00	64.02	60.02
11	Prayagraj	बढ़ैया नहर की पुलिया से मझियारी बहेलिया मार्ग के निर्माण कार्य।	149/2020 /887 रासनि/ 23–1–20–82 रासनि/20 दिनांक 06.10.20	114.24	57.12	1.25	55.87	50.22
12	Prayagraj	रानीगंज पुलिया से प्रा0वि0 होते हुये चुंदवा गॉव तक मार्ग का निर्माण कार्य।	149/2020 /887 रासनि/ 23–1–20–82 रासनि/20 दिनांक 06.10.20	83.94	41.97	4.50	37.47	33.50
13	Prayagraj	मौहारिया कोल बस्ती से देवरा माइनर नहर तक सड़क निर्माण कार्य।	149/2020 /887 रासनि/ 23–1–20–82 रासनि/20 दिनांक 06.10.20	62.04	31.02	0.00	28.52	27.92
14	Prayagraj	कोहडिया सम्पर्क मार्ग से गन्ने गांव तक सड़क निर्माण कार्य।	149/2020 /887 रासनि/ 23–1–20–82 रासनि/20 दिनांक 06.10.20	58.02	29.01	1.00	28.01	25.16
			योग					**308.72**

(राज कुमार)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in